राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल :, dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 – 2678870
Fax : 0755 – 2742006
Email :dsw@rgpv.ac.in
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2026 / 740 भोपाल, दिनांक 31 / 08 / 2026

## // सूचना //

प्रति,
समस्त प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संबंद्ध इंजीनियरिंग / फार्मेसी
एम.सी.ए. / आर्किटेक्चर / पत्रोपाधि महाविद्यालय
मध्य प्रदेश

विषय :– हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026 के संबंध में।

संदर्भ :– 01 – मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क्रमांक 1540/File NO. 4/2/6/0320/2026/42-2(TSE)E-1452643, भोपाल दिनांक 10 / 08 / 26
02 – श्री गजेन्द्र गौतम, क्षैत्रीय समन्वयक, मध्यप्रदेश, श्रीरामचन्द्र मिशन को पत्र दिनांक 22 / 7 / 2026

कृपया संदर्भित पत्रों का अवलोकन कर हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026 के आयोजन के संबंध में प्राप्त दिशा–निर्देशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करे। संलग्न पत्रों में प्राप्त निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यवाही की जाना आपेक्षित है।
संलग्न :– संदर्भित पत्र।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2026 / 741 भोपाल, दिनांक 31 / 08 / 2026
प्रतिलिपि,
01 माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02 कुलसचिव के निजसहायक की ओर सूचनार्थ।
03 पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

o/c

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
**फोन** : ०७५५-२६७८८७०
**फैक्स** : ०७५५-२७४२००६
**ईमेल** :, dsw@rgpv.ac.in
**वेबसाईट** : www.rgpv.ac.in

**RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA**
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
**Phone** : 0755 - 2678870
**Fax** : 0755 - 2742006
**Email** :dsw@rgpv.ac.in
**Website** : www.rgpv.ac.in

क्रमांक/रा.गां.प्रौ.वि./अधिष्ठाता छात्र कल्याण/2026/740 भोपाल, दिनांक 31/08/2026

## // सूचना //

प्रति,
समस्त प्राचार्य/संचालक
विश्वविद्यालय से संबंद्ध इंजीनियरिंग/फार्मेसी
एम.सी.ए./आर्किटेक्चर/पत्रोपाधि महाविद्यालय
मध्य प्रदेश

विषय :– हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026 के संबंध में।

संदर्भ :– 01 – मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क्रमांक 1540/File NO. 4/2/6/0320/2026/42-2(TSE)E-1452643, भोपाल दिनांक 10/08/26

02 – श्री गजेन्द्र गौतम, क्षैत्रीय समन्वयक, मध्यप्रदेश, श्रीरामचन्द्र मिशन को पत्र दिनांक 22/7/2026

कृपया संदर्भित पत्रों का अवलोकन कर हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026 के आयोजन के संबंध में प्राप्त दिशा–निर्देशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करे। संलग्न पत्रों में प्राप्त निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यवाही की जाना आपेक्षित है।
संलग्न :– संदर्भित पत्र।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक/रा.गां.प्रौ.वि./अधिष्ठाता छात्र कल्याण/2026/741 भोपाल, दिनांक 31/08/2026
प्रतिलिपि

01 माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02 कुलसचिव के निजसहायक की ओर सूचनार्थ।
03 पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

31/8/26

TL प्रकरण

मध्यप्रदेश शासन,
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग,
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल- 462004
--0--

क्र 1540 /File No.:4/2/6/0320/2026/42-2 (TSE) E-1452643, भोपाल दिनांक 10-08-2026

प्रति,

1 आयुक्त,
तकनीकी शिक्षा संचालनालय
भोपाल, म.प्र.।

2 संचालक,
कौशल विकास संचालनालय,
भोपाल, म.प्र.।

3 कुल सचिव,
राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी
विश्वविद्यालय, गॉधी नगर,
भोपाल।

4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
ग्लोबल स्किल पार्क (जीएसपी)
गैस राहत आईटीआई परिसर,
गोविन्दपुरा, भोपाल।

विषय:- हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026 के संबंध में।
--0--

उपरोक्त विषयांतर्गत श्री गजेन्द्र गौतम, क्षेत्रीय समन्वयक, मध्यप्रदेश, श्रीरामचन्द्र मिशन से प्राप्त पत्र दिनांक 22.07.2026 एवं इसके साथ संलग्न सहपत्रों की छायाप्रति संलग्न प्रेषित हैं।

कृपया उक्त प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नः-उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
Dr.Santosh Kumar Gandhi
Date: 10-08-2026
17:23:16

(डॉ. एस.के.गॉधी)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,
मध्यप्रदेश शासन,
तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग

DSW
27/8/26

Reg 1671
27/08/26

Gajendra Singh Goutam
Regional Facilitator - Madhya Pradesh
Director - Village Outreach

+91 88175 78274
gajendra.s@volunteer.heartfulness.org
Office: A/82 sapphire park City Katara hills Bhopal, MP - 462043 (INDIA)

heartfulness

मध्य प्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग
क्रमांक 5713731
05.08.2026

22 जुलाई, 2026

प्रति,

प्रमुख सचिव,
तकनीकी शिक्षा विभाग,
मध्यप्रदेश

विषयः— **हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम** 2026

आदरणीय महोदय,

हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से शुभकामनाएँ।

संसार के अधिकांश हिस्सों में शिक्षा व्यवस्था हमारे बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित रही है। अब यह अच्छी तरह से समझा जा चुका है कि छात्रों के सामाजिक — भावनात्मक शिक्षण और जीवन कौशलों के विकास को सुगम बनाने के लिए उनमें संज्ञानात्मक क्षमताओं के साथ — साथ सहज क्षमताओं को भी विकसित किया जाना चाहिए ताकि वे संतुलित व्यक्ति बन सकें। हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट में हम एक दशक से अधिक समय से शैक्षणिक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम सामग्री और क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं ताकि वे शिक्षा के इन पहलुओं को प्रदान कर सकें। स्कूलों के लिए हमारा हार्टफुलनेस शिक्षा प्रस्ताव https://heartfulness.org/education/training-and-curriculum/ पर उपलब्ध है और कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के लिए https://heartfulness.org/education/heartfulcampus/ पर उपलब्ध है।

सामाजिक—भावनात्मक शिक्षा देने और जीवन कौशल को विकसित करने के तरीकों में से एक है युवा मन में आत्मनिरीक्षण और चिंतन की प्रक्रिया को बढ़ावा देना। हम 30 से अधिक वर्षों से निबंध लेखन कार्यक्रम चला रहे हैं पिछले वर्षों में 74 देशों की कुल मिलाकर 25000 से अधिक संस्थाएं पंजीकृत हुई है तथा चार लाख से अधिक छात्र—छात्राओं ने निबंध लेखन कार्यक्रम में भाग लिया है। ऐसे विषयों का चयन करके जो प्रतिभागियों का ध्यान मूल मानवीय मूल्यों की ओर आकर्षित करते हैं, हम उन्हें आत्म—खोज की प्रक्रिया के माध्यम से इन मूल्यों को समझने और आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह तुरंत किसी जगह पर की जाने वाली (on the spot) प्रतियोगिता नहीं है। प्रतिभागियों को विषयों पर शोध करने और चर्चा करने की अनुमति है, लेकिन उन्हें विषय के बारे में अपनी समझ

02

Gajendra Singh Goutam
Regional Facilitator - Madhya Pradesh
Director - Village Outreach

heartfulness
+91 88175 78274
gajendra.s@volunteer.heartfulness.org
Office: A/82 sapphire park City Katara hills Bhopal, MP - 462043 (INDIA)

को स्वयं लिखना होगा। जहाँ मौलिकता को पुरस्कृत किया जाता है वहीं साहित्यिक चोरी वाले निबंधों को अस्वीकार कर दिया जाता है।

अत : हम एक बार फिर आपके प्रतिष्ठित संस्थान के योग्य छात्रो तक पहुँचने और उन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में आपका सहयोग चाहते हैं। सभी दिशा–निर्देश संलग्न सूचना पत्रक में दिए गए हैं। कृपया सूचना पत्रक और कार्यक्रम के पोस्टर को व्यापक रूप से प्रसारित करें। भागीदारी हेतु पंजीकरण करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट Hfn.link/essayevent पर भी जाएँ। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। किसी भी स्पष्टीकरण/सुझाव के लिए हमें essayevent@heartfulness.org पर लिखें।

श्रेणी 1 (स्कूल) (आयु 14–18 वर्ष) शब्द सीमा – 500 शब्द
**विषयः– मेरी अनुमति के बिना कोई भी मुझे आहत नहीं कर सकता ।**

श्रेणी 2 (कॉलेज) (आयु 19–25 वर्ष) शब्द सीमा – 750 शब्द
**विषयः– स्वीकार्यता विकास का प्रतीक है।**

धन्यवाद और शुभकामनाएँ,

भवदीय
**गजेन्द्र गौतम**
क्षेत्रीय समन्वयक, मध्यप्रदेश
श्रीरामचन्द्र मिशन

**संलग्न – सूचना पत्रक एवं पोस्टर**

# महत्वपूर्ण सूचना – संस्थान पंजीकरण प्रक्रिया

**(Register new Institute registration ")**

1. सबसे पहले **hfn.link/essayevent** पर जाएँ।
2. वेबसाइट खुलने पर **"Institution Registration & Essay Submission"** (नीले रंग में) विकल्प पर क्लिक करें।
3. अगले पृष्ठ पर अपने संस्थान का नाम दर्ज करके **Search** करें।
4. यदि **"No Institution Found"** संदेश दिखाई देता है, तो सबसे नीचे दिए गए **" new Institution registration "** बटन पर क्लिक करें।
5. अब संस्थान का पूरा विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
6. अपनी **Official Email ID** दर्ज करें तथा **Verify** बटन पर क्लिक करें।
7. आपकी आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त **OTP** को निर्धारित स्थान पर दर्ज कर ईमेल सत्यापित करें।
8. सभी जानकारी सही होने पर **Submit** बटन पर क्लिक करें।

**यदि आपका संस्थान वर्ष 2025 में पहले से पंजीकृत था**

1. **"Already Registered in 2025"** विकल्प पर क्लिक करें।
2. अपनी **Official Email ID** दर्ज करें।
3. आपके संस्थान का पूर्व विवरण स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।
4. आवश्यकता होने पर विवरण में संशोधन (Modify) करें।
5. अपनी Official Email ID को OTP के माध्यम से Verify करें।
6. अंत में **Submit** बटन पर क्लिक करें।

**पंजीकरण के बाद**

- सफल पंजीकरण के उपरांत आपको स्क्रीन पर एक **Unique Institution ID** प्राप्त होगी। कृपया इसे भविष्य के सभी पत्राचार (Correspondence) हेतु सुरक्षित रखें।
- साथ ही आपकी **Official Email ID** पर **Heartfulness Essay Event** की ओर से एक ईमेल प्राप्त होगा।
- इस ईमेल में आपकी **Unique Institution ID** तथा विद्यार्थियों द्वारा निबंध (Essay) जमा करने हेतु **Essay Submission Link** उपलब्ध होगी।
- विद्यार्थी इसी लिंक के माध्यम से अपने निबंध ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।

यदि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई आती है, तो कृपया हमसे संपर्क करने में संकोच न करें।

(04)

# संपर्क नवीन मिश्रा :– 9425094218

## जिलेवार संपर्क सूत्र

| SN | DISTRICT | ZONE coordinator | ZONE coordinator Essay event | NAME OF COORdinator | Mobile number |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gwalior | Sr Archana Sharma - MP01 | MUKTESHWAR TAMBRAKAR- MP01 93013 28866 | Archane Sharma | 8319527665 |
| 2 | Morena | | | Vimla Sharma | 9425123248 |
| 3 | Bhind | | | Sandeep Shrivastava | 9753160335 |
| 4 | Datiya | | | Rekha Sharma | 7987229719 |
| 5 | Shivpuri | Br Arvind Vats - MP02 | Br Arvind Vats - MP02 9827740295 | Jaya Sharma | 9425748002 |
| 6 | Guna | | | Arvind Vats | 9827740295 |
| 7 | Sheopur | | | Ramprasad Pareta | 7999822460 |
| 8 | Ashoknagar | | | Mahendra Raghuvanshi | 9826743470 |
| 9 | Bhopal | Br Neel Kelkar - MP03 | BR Prabakar das- MP03 94256 04361 | Ramkrishna Shrivastava | 7697244771 |
| 10 | Raisen | | | D N Shukla | 9826873977 |
| 11 | Sehore | | | Harshit Purohit | 7000695 |
| 12 | Vidisha | | | Anjali Pandit | 9826937( |
| 13 | Hoshangabad | Br Kamal Wadhwa - MP04 | Br Ashish Itarasi - MP04 99263 76679 | Yogesh Khandelwakl | 9893191010 |
| 14 | Betul | | | Rohit Baghel | 7697527991 |
| 15 | Rajgarh | Br Nirmal Dagdee - MP05 | Br Surendra vyas - MP05 9039895792 | Rakesh Khanna | 9425097524 |
| 16 | Shajapur | | | Abhilasha Shrivastava | 9981835397 |
| 17 | Mandsaur | Br Sanjay Khandelwal - MP06 | Br Pradeep Nigam - MP06 97136 14944 | Nripendra Soni | 9479701477 |
| 18 | Neemuch | | | Deepali Arora | 9407826476 |
| 19 | Agar Malwa | | | Rajendra Swarnkar | 9039113631 |
| 20 | Ujjain | Br Sanjay Khandelwal - MP07 | Br Pradeep Nigam - MP07 | Anshu Bharadwaj | 9340673166 |
| 21 | Ratlam | | | Nilesh Shukla | 9425103123 |
| 22 | Indore | Br Anurag Mundra - MP08 | Br Mohan vyas - MP08 9826696187 | Vikas Nema | 9826034435 |
| 23 | Dewas | | | Vikas Nema | 9826034435 |
| 24 | Jhabua | Br Mukesh Thakkar - MP09 | Br Mukesh Thakkar - MP09 9826655439 | Ameyaj Chouhan | 9752669135 |
| 25 | Dhar | | | Anand Randive | 9425056867 |
| 26 | Alirajpur | | | Ameyaj Chouhan | 9752669135 |
| 27 | Barwani | | | Akhilesh Patidar | 9425062649 |
| 28 | Khandwa | Br Mukesh Thakkar - MP10 | Br vivek Patidar - MP10 99933 42151 | Akshat Verma | 7987015344 |
| 29 | Harda | | | Gorakh Parulkar | 7974507802 |
| 30 | Khargone | | | Jyoti Sharma | 7697840292 |
| 31 | Burhanpur | | | Vivek Patidar | 9993342151 |
| 32 | Tikamgarh | Br Sandeep Tiwari - MP11 | Br Dhana Ram Prajapati - MP11 98931 07858 | Kamlesh Kumar | 9981160454 |
| 33 | Chhatarpur | | | Vijay Kumar | 7607249 |
| 34 | Niwari | | | Mithlesh Khare | 9630005812 |
| 35 | Rewa | Br L K Singh - MP12 | Sis Ravti - MP12 72075 90565 | Vishnu Charan Goswami | 7002598762 |
| 36 | Sidhi | | | Ashok Tiwari | 9685840031 |
| 37 | Singrauli | | | Revathi | 7207590565 |
| 38 | Satna | Br Sanjay Kumar Singh - MP13 | Sis Deepika Shrivastava - MP13 87708 74812 | Deepmala Bathija | 7974585504 |
| 39 | Panna | | | Sanjay Singh | 9425874446 |
| 40 | Katni | | | R K Agrawal | 9425821133 |
| 41 | Sagar | Sr Pratibha Shandilya - MP14 | Sr Pratibha Shandilya - MP14 9806978100 | R K Yadav | 7987150181 |
| 42 | Damoh | | | Pratibha Shandilya | 9806978100 |
| 43 | Shahdol | Br D K Prajapati - MP15 | Sis Nidhi Singh- MP15 89650 62010 | Annapurna Gupta | 9131639265 |
| 44 | Umaria | | | Pranali Pise | 8378815688 |
| 45 | Dindori | | | Rajendra Pandey | 9302456717 |
| 46 | Anuppur | | | Kunj Bihari Sulakhiya | 7722855589 |
| 47 | Jabalpur | Br Yatin Kher - MP16 | Sis Abha jain - MP16 94247 10465 | Rohit Pandey | 9827319374 |
| 48 | Narsinghpur | | | Varsha Mudiya | 882181100 |
| 49 | Mandla | | | Poorva Dharmadhikari | 7049861304 |
| 50 | Chhidwara | Br Sumeet Tank - MP17 | Br Saidulu Gaddam - MP17 94934 37474 | Vivek Tiwari Bichua | 88279 46199 |
| 51 | Balaghat | | | Sumeet Tank | 9425138706 |
| 52 | Seoni | | | D P Sahu | 7999373752 |

From Wonder, Wisdom
Heartfulness Education Trust

# हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026

## आयोजक
## हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट व श्री रामचंद्र मिशन

श्री रामचंद्र मिशन एक लाभ निरपेक्ष शैक्षिक एवं आध्यात्मिक सेवा संस्था है। सन् 1945 में अपनी स्थापना के बाद, पिछले 75 वर्ष से यह संस्था वैश्विक शांति एवं सामंजस्य के लिए ध्यान के माध्यम से हृदय पर आधारित जीवन को प्रोत्साहित करती रही है। यह उन 1600 गैर सरकारी संगठनों में से एक है जो संयुक्त राष्ट्र के जनसूचना विभाग (UNDPI) से संबंधित हैं। अखिल भारतीय निबंध लेखन कार्यक्रम लगभग तीन दशकों से श्री रामचंद्र मिशन का प्रमुख कार्यक्रम रहा है और सन् 2005 से यह संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केंद्र (भारत एवं भूटान) के साथ भागीदारी में आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत भारत में 25000 से अधिक संस्थाओं से संपर्क किया जा चुका है। सन् 2019 से इस कार्यक्रम का नाम बदलकर हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम कर दिया गया है और सन् 2020 में पहली बार यूनेस्को एम.जी.आई.ई.पी. (महात्मा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ एजुकेशन फ़ॉर पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के सहयोग से वैश्विक स्तर पर इसका आरंभ किया गया। इसके बाद दो वर्षों तक राष्ट्रमंडल के साथ सहयोग किया गया।

यह इस कार्यक्रम का चौंतीसवाँ क्रमागत वर्ष भी है।

हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट (HET) ने युवाओं के लिए कई शैक्षिक कार्यक्रमों को विकसित किया है। इनमें शामिल हैं जूनियर स्कूल के छात्रों के लिए 'द हार्टफुलनेस वे' पाठ्यक्रम जिसका उद्देश्य है उनमें सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की समझ एवं स्वीकार्यता लाना (जैसा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग द्वारा यूनेस्को को इक्कीसवीं सदी के लिए प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुशंसित है), संज्ञानात्मक और सहज ज्ञान युक्त क्षमताओं के विकास के लिए 'ब्राइटर माइंड्स' कार्यक्रम, सीनियर स्कूल के छात्रों के लिए जीवन-कौशल विकसित करने का 'हेल्प' (HELP) कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए 'हार्टफुल कैंपस' नामक पहल। शिक्षकों के लिए एक 'इंस्पायर' (INSPIRE) नामक कार्यक्रम भी कई वर्षों से चल रहा है। इन कार्यक्रमों का विवरण **www.heartfulness.org/education** पर उपलब्ध है।

### युवाओं के लिए एक आमंत्रण

युवावस्था असीम संभावनाओं का समय है। यह जीवन की वह अवस्था है जो अवसरों से भरी है जिनका आप लाभ उठा सकते हैं बशर्ते आप इसके लिए तैयार हों और अपने समग्र विकास के लिए दिल से प्रयास करने के इच्छुक हों। जहाँ शिक्षा हमें अपनी शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमताओं को उत्कृष्टतम स्तर तक विकसित करने में मदद करती है और एक प्रतिस्पर्धी जगत में कामयाब होने के लिए तैयार करती है, वहाँ हमारे विकास का एक ऐसा पहलू भी है जिसे प्रायः उतना महत्व नहीं दिया जाता जितना देना चाहिए - हमारे आंतरिक अस्तित्व का विकास। शरीर, मन व हृदय के एकसाथ विकास के बिना हम संतुलित व्यक्ति नहीं बन सकते, जो अपने जीवन की ज़िम्मेदारी उठा सकें। इसलिए हमें उत्कृष्टता के साथ-साथ संतुलन प्राप्त करने का भी प्रयास करना चाहिए - मन व हृदय के बीच, बाह्य व आंतरिक के बीच तथा सोच व भावनाओं के बीच संतुलन। हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम के माध्यम से हम आप सभी को अपने आंतरिक क्षेत्र में उतरने, हृदय की उस हल्की सी आवाज़ के साथ सामंजस्य स्थापित करने जो कभी भी हमें मार्गदर्शन देने से नहीं चूकती और दिए गए विषय पर अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इस प्रकार हम आपको हृदय से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता।

सभी निबंध हमारी वेबसाइट (hfn.link/essayevent) पर निम्नलिखित निर्देशों के अनुसार अपलोड किए जाने चाहिए। ईमेल व डाक द्वारा प्राप्त निबंधों को मान्यता नहीं दी जाएगी।

प्रतिभागियों के लिए श्रेणियाँ एवं विषय -

श्रेणी 1 [आयु 14-18 वर्ष] शब्द सीमा 500

श्रेणी 1 का विषय -
मेरी अनुमति के बिना कोई भी मुझे आहत नहीं कर सकता।

श्रेणी 2 [आयु 19-25 वर्ष] शब्द सीमा 750

श्रेणी 2 का विषय -
स्वीकार्यता विकास का प्रतीक है।

निबंध लेखन के लिए अधिकृत भाषाएँ

आप अपना निबंध निम्नलिखित में से किसी एक भाषा में लिख सकते हैं -

हिंदी, अंग्रेज़ी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, आसामी

भाग लेने के लिए दिशा-निर्देश
कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कृपया नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें -

**क)** संस्थागत प्रतिभागिता (संस्थाओं द्वारा निबंध जमा करना)
आयोजन में भाग लेने के इच्छुक सभी संस्थानों को अपने संस्थान का विवरण हमारी वेबसाइट (hfn.link/essayevent) पर पंजीकृत करना होगा। संस्थागत प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण खुला है।
निबंध जमा करने का विवरण प्राप्त करने के लिए छात्र दिशा-निर्देशों को हमारी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

**ख)** निबंध सीधे जमा करना (डायरेक्ट सबमिशन)

14 - 25 वर्ष की आयु के सभी युवा जिन्होंने किसी भी संस्थान में दाखिला नहीं लिया है, वे भी इस कार्यक्रम में सीधे भाग ले सकते हैं। निबंध अपलोड करने के चरण "निबंध जमा करने के दिशा-निर्देश" नामक आलेख में उपलब्ध हैं जिसे हमारी वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रतिभागियों के लिए सामान्य दिशा-निर्देश -

- क) प्रतिभागी अपनी श्रेणी के लिए निर्दिष्ट निबंध लिखने के लिए 12 वैकल्पिक भाषाओं में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।
- ख) सभी प्रविष्टियाँ ए4 साइज शीट पर होनी चाहिए। निबंध काली या नीली स्याही से हस्तलिखित हो सकता है या कंप्यूटर में प्रत्येक भाषा के लिए निर्धारित लिपि में टाइप किया जा सकता है।
- ग) निबंध के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रतिभागी का नाम, पिता का नाम, आयु, संस्था का नाम लिखा होना चाहिए।
- घ) श्रेणी 1 (आयु 14-18 वर्ष) के लिए शब्द सीमा 500 है और इसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।
- ङ) श्रेणी 2 (आयु 19-25 वर्ष) के लिए शब्द सीमा 750 है और इसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।
- च) कृपया अंतिम परिच्छेद के बाद अपने निबंध की कुल शब्द-संख्या का उल्लेख करें।
- छ) जमा की गई प्रविष्टियों में कोई अपील, चित्र या प्रचार-वाक्य नहीं होने चाहिए।

ञ) हमारी वेबसाइट पर निबंध की स्कैन की गई प्रति (अधिकतम साइज़ 3MB) अपलोड की जानी चाहिए। लिंक - **hfn.link/essayevent.**

झ) निबंध जमा करने की विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट पर "जमा करने के दिशा-निर्देश" नामक आलेख में डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है।

दोनों श्रेणियों के लिए मूल्यांकन के मानदंड

प्रतिभागी छात्रों के पास विषय पर शोध करने का विकल्प है क्योंकि यह किसी जगह जाकर तुरंत जमा करने वाली प्रतियोगिता नहीं है। सभी निबंध अनिवार्य रूप से लेखक की मौलिक कृति होना चाहिए और उसमें किसी भी लिए गए सन्दर्भ या उद्धरण की सूचना होनी चाहिए।

क) सभी जमा की गई प्रविष्टियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर प्रत्येक भाषा के लिए एक निर्णायक समिति द्वारा किया जाएगा -

1. विषय परिचय / व्याख्या : महत्व 10%
2. संरचना और प्रवाह : महत्व 10%
3. भाषा : महत्व 10%
4. मौलिकता : महत्व 20%
5. विषय के लिए विचारों की प्रासंगिकता : महत्व 40%
6. अनुसंधान/विवरणों पर ध्यान : महत्व 5%
7. निष्कर्ष : महत्व 5%

ख) इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा करने हेतु, निबंध में विषय पर लेखक के निजी अनुभव या विचार व्यक्त होने चाहिए। मौलिकता एवं विचारों की प्रासंगिकता का अधिकतम महत्व है।

ग) किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

घ) सभी पुरस्कार निर्णायक मंडल के पूर्ण विवेक पर निर्भर होंगे और उनका निर्णय अंतिम होगा।

ङ) सूचना पत्रक और फ़्लायर के अंग्रेज़ी संस्करण में दी गई जानकारी का आशय अन्य सभी अनुवादित संस्करणों पर लागू होगा।

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या मदद के लिए कृपया यहाँ लिखें : essayevent@heartfulness.org

निबंध कार्यक्रम के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र

व्यक्तिगत छात्र प्रतिभागियों के लिए

प्रथम एवं द्वितीय विजेता - दोनों श्रेणियों में 12 अधिकृत भाषाओं में से प्रत्येक में प्रथम एवं द्वितीय को एक ट्रॉफ़ी और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

स्थान के अनुरूप प्रमाण पत्र - 12 भाषाओं में से प्रत्येक में दोनों श्रेणियों में तीसरे से दसवें स्थान पर आनेवाले निबन्धों को स्थान के अनुरूप स्मरणार्थक वस्तु एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे।

योग्यता प्रमाण पत्र - 12 भाषाओं में से प्रत्येक में दोनों श्रेणियों में,चयन के अंतिम दौर के लिए निर्णायक समिति द्वारा चुनी गई सर्वश्रेष्ठ 10% प्रविष्टियों को, एक ई-मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

भागीदारी का प्रमाण पत्र - दिशानिर्देशों के अनुसार भागीदारी मानदंड का पालन करने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे।

कुछ प्रतिभागियों को शीर्ष पुरस्कारों के लिए चयन के अंतिम दौर के रूप में निर्णायक समिति द्वारा टेलीफ़ोन या वीडियो कॉल पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। निर्णायक समिति के पास प्रस्तुत निबंधों में से किसी को स्वीकार या अयोग्य घोषित करने का अधिकार होगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

प्रतिभागी संस्थानों के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र -
स्वर्ण प्रशंसा प्रमाणपत्र - 300 से अधिक निबंध जमा करने वाली संस्थाओं के लिए
रजत प्रशंसा प्रमाणपत्र - 200 से अधिक निबंध जमा करने वाली संस्थाओं के लिए
कांस्य प्रशंसा प्रमाणपत्र - 100 से अधिक निबंध जमा करने वाली संस्थाओं के लिए


महत्वपूर्ण तिथियाँ

संस्थाओं का पंजीकरण (आरंभ) - 1 जुलाई 2026
ऑनलाइन प्रविष्टियाँ जमा करने की प्रारंभिक तिथि - 15 जुलाई, 2026
प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि – 30 सितंबर, 2026
विजेताओं की घोषणा – 31 दिसंबर 2026

heartfulness
purity weaves destiny

# HEARTFULNESS ESSAY EVENT 2026

Organised by :
**Heartfulness Education Trust** and **Shri Ram Chandra Mission**



## TOPICS:

Category 1 (**14-18 years**) 500 words
No one can hurt me without my permission.
मेरी अनुमति के बिना कोई भी मुझे आहत नहीं कर सकता।

Category 2 (**19-25 years**) 750 words
Acceptance is a sign of evolution.
स्वीकार्यता विकास का प्रतीक है।

For detailed guidelines please visit: hfn.link/essayevent
For any clarifications please write to us at: essayevent@heartfulness.org

Supported by:
Brighter Minds and EducationWorld

10

## निबंध जमा करने के लिए दिशा-निर्देश

1. प्रतिभागी अपनी श्रेणी के लिए निर्दिष्ट विषय पर निबंध लिखने के लिए 12 वैकल्पिक भाषाओं में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। केवल एक ही निबंध प्रस्तुत किया जा सकता है। एक से अधिक भाषाओं में प्रस्तुत निबंध अस्वीकार कर दिए जाएँगे।
2. प्रतिभागियों को अपने आयु वर्ग के आधार पर सही श्रेणी चुननी होगी और उपयुक्त विषय पर लिखना होगा।
3. निबंध टाइप किए हुए या A4 आकार के कागज़ पर स्पष्टता से हस्तलिखित होने चाहिए। हस्तलिखित निबंधों में काली या नीली स्याही का प्रयोग होना चाहिए।
4. निबंध के प्रत्येक पृष्ठ पर निम्नलिखित विवरण अवश्य लिखें -


- प्रतिभागी का नाम
- पिता का नाम
- आयु
- संस्थान का नाम (यदि लागू हो)

5. शब्द सीमा का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।
   **श्रेणी 1 (आयु 14-18): निबंध 500 शब्दों के भीतर होना चाहिए।**
   **विषय - मेरी अनुमति के बिना कोई भी मुझे आहत नहीं कर सकता।**

   **श्रेणी 2 (आयु 19-25): निबंध 750 शब्दों में होना चाहिए।**
   **विषय - स्वीकार्यता विकास का प्रतीक है।**

6. कृपया अंतिम परिच्छेद के बाद अपने निबंध की कुल शब्द-संख्या का उल्लेख करें।
7. जमा की गई प्रविष्टियों में कोई अपील, चित्र या प्रचार-वाक्य नहीं होने चाहिए।
8. इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए, निबंध में लेखक के विषय पर निजी अनुभव या विचार व्यक्त होने चाहिए। मौलिकता एवं विषय की प्रासंगिकता का अधिकतम महत्व है।
9. किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी मान्य नहीं है।
10. भरे हुए प्रतिभागी सूचना पत्र को पहले पृष्ठ के रूप में स्कैन करना होगा, उसके बाद निबंध को स्कैन करना होगा और एक पीडीएफ़ फ़ाइल के रूप में सेव करना होगा।
11. एक हस्तलिखित निबंध को एक डॉक्यूमेंट के रूप में स्कैन अथवा फ़ोटो के रूप में सेव करके एक पीडीएफ़ फ़ाइल बनाई जा सकती है। आप अपने मोबाइल पर डॉक्यूमेंट स्कैन करने वाले किसी भी सॉफ़्टवेयर को डाउनलोड कर सकते हैं जैसे 'एडोबी स्कैन', ताकि आप पीडीएफ़ फ़ाइल बना कर सेव कर सकें।
12. फ़ाइल का साइज़ 3 MB से ज़्यादा नहीं होना चाहिए।
13. आयु प्रमाण पत्र को PDF फ़ाइल के रूप में स्कैन करें। सुनिश्चित करें कि फ़ाइल का साइज़ 1 MB से कम हो।
14. अपना निबंध जमा करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके इंटरनेट का कनेक्शन अच्छा है। इसके लिए कृपया अच्छे वाई-फाई/ हॉटस्पॉट / लीज्ड लाइन कनेक्शन का उपयोग करें। निबंध जमा करने से पहले सभी दस्तावेज़ों को पुन: जाँच लें।
15. सभी स्कैन की गई पीडीऍफ़ फ़ाइल वेबसाइट पर दिए गए उपयुक्त सबमिशन लिंक का उपयोग करके जमा की जानी चाहिए।
16. ईमेल या डाक द्वारा भेजे गए निबंध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

17. सफलतापूर्वक निबंध जमा करने के बाद, स्क्रीन पर प्रदर्शित अपना नामांकन क्रमांक (एनरोलमेंट नंबर) नोट करें।
18. हमारी वेबसाइट पर पंजीकृत संस्थानों की सूची खोलकर जाँच करें कि क्या आपके संस्थान ने निबंध कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। यदि पंजीकृत हैं, तो अपने संस्थान समन्वयक से जमा करने के तरीके की पुष्टि करें। आप निबंध जमा करने के लिंक का उपयोग करके अथवा अपने संस्थान के समन्वयक को निबंध देकर, अपना निबंध जमा कर सकते हैं।
19. यदि आपका संस्थान इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले रहा है, केवल तभी आप अपना निबंध सीधे जमा कर सकते हैं। कार्यक्रम में सीधे भाग लेने वाले प्रतिभागी 'डायरेक्ट सबमिशन' के लिंक के खुलने के बाद अपनी स्कैन की हुई प्रतियों को जमा कर सकते हैं। ऐसे में आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। अपने किसी भी आयु प्रमाण पत्र को स्कैन करके उसकी सॉफ्ट कॉपी रखें जिसका अधिकतम साइज 1 MB होना चाहिए।
20. निबंध जमा करने के लिए हमारी वेबसाइट https://hfn.link/essayevent पर संबंधित सबमिशन टैब पर क्लिक करें।





1) पंजीकृत संस्थाओं द्वारा निबंध जमा करना

क) संस्थान को हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध "Institution Registration & Essay Submission" टैब का उपयोग करके पंजीकरण करना होगा।


(संस्था का पंजीकरण केवल संस्था के एडमिन / कोऑर्डिनेटर द्वारा ही किया जाना चाहिए)

ख) यह जाँचने के लिए कि क्या आपका संस्थान पहले से पंजीकृत है, आंशिक विवरण और "*" से चिह्नित अन्य अनिवार्य फ़ील्ड दर्ज करें और "Search" बटन पर क्लिक करें।


15




ग) खोज मानदंडों से मेल खाने वाले पंजीकृत संस्थान प्रदर्शित किए जाएँगे। छात्रों के लिए प्रतिभागी सूचना पत्र संस्थान के सामने दिए गए डाउनलोड बटन पर क्लिक करके डाउनलोड की जा सकती है।




घ) यदि संस्थान सूचीबद्ध नहीं है, तो संस्था का एडमिन / कोऑर्डिनेटर अपनी संस्था का पंजीकरण करने के लिए "Add NEW INSTITUTE " पर क्लिक करके अपनी संस्था का विवरण भर सकता है। इससे उनके छात्र कार्यक्रम में भाग ले पाएँगे।


REGISTER INSTITUTION FOR PARTICIPATION

Note:

1. Ensure your institution is not [illegible]
2. Only an authorised person from the institution should handle new registrations.
3. Use the provided search criteria to check the current registration status of your institution.
4. Submission links for online essay submission by students are sent to the registered email addresses of institutions.
5. Students should confirm submission procedures with their institution's admin or coordinator for submitting their essay.

Name of your Institution*

Address of Institution line 1*

Institution Address line 2

Institute Phone No*

Country of Institution*

India

City/Village/Town of Institution*

District *

State of the institution *

Essay Event Coordinator Details

Coordinator Name

Coordinator Email ID

ङ) यदि आपकी संस्था भाग लेने के लिए पंजीकृत है तो उसका विवरण प्रदर्शित होगा| छात्र को अपनी संस्था के समन्वयक ( कोऑर्डिनेटर) से निबंध जमा करने का तरीका पूछना होगा| संस्था इनमें से किसी भी विकल्प को चुन सकती है -

I. संस्था छात्रों को निबंध ऑनलाइन जमा करने के लिए लिंक दे सकती है| यह लिंक पंजीकरण के समय पंजीकृत ईमेल पर हम ही भेजते हैं|

II. छात्रों द्वारा हस्तलिखित निबंध को प्रतिभागी सूचना पत्र के साथ एकत्रित करके कोऑर्डिनेटर द्वारा संस्था के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके केंद्रीय रूप से निबंध जमा किए जा सकते हैं|

(लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए एडमिन या कोऑर्डिनेटर हमें essayevent@heartfulness.org पर ईमेल द्वारा अनुरोध कर सकते हैं|)

च) निबंध जमा करने के लिए छात्र / संस्था को संस्था के नाम के आगे निबंध जमा करने के लिंक पर क्लिक करना होगा| सभी अनिवार्य क्षेत्र ठीक से भरें -

- प्रतिभागी का नाम
- पिता / माता / अभिभावक का नाम
- आयु
- लिंग
- प्रतिभागी की आयु के अनुसार प्रतिभागिता श्रेणी अपनेआप चुन ली जाएगी|
- स्कैन किया हुआ निबंध पीडीएफ़ अपलोड करें| सुनिश्चित करें कि भागीदारी सूचना पर्ची फ़ाइल के पहले पृष्ठ पर हो|
- सुनिश्चित करें कि निबंध ठीक से अपलोड हुआ है| सकी पुष्टि करने के लिए प्रीव्यू देखें|
- यदि वह ठीक से अपलोड न हुआ हो तो पुनः अपलोड किया जा सकता है|

- सभी घोषणाओं पर सही का निशान लगाएँ।
- सभी प्रविष्टियों की समीक्षा करें और जमा करने के लिए सबमिट पर क्लिक करें। जमा करने के बाद किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

सफलतापूर्वक निबंध जमा करने के सन्देश के साथ आपका एनरोलमेंट नंबर स्क्रीन पर दिखाई देगा। ध्यान से एनरोलमेंट नंबर को नोट कर लें।

2) निबंध को सीधे जमा करना (डॉयरेक्ट सबमिशन)

क) हमारी वेबसाइट पर "डॉयरेक्ट सबमिशन" पर क्लिक करें।

ख) प्रतिभागी सूचना पत्र में प्रस्तुत सभी जानकारियाँ भरें। जिन जगहों पर * का चिन्ह हैं, उन्हें भरना अनिवार्य है।

ग) अपना ईमेल आई.डी. डालें। आपके द्वारा डाले गए ईमेल आई.डी. को प्रमाणित किया जाना आवश्यक है।


घ) "Send Verification Code (प्रमाणीकरण कोड भेजें)" पर क्लिक करें।

ङ) आपके द्वारा डाले गए ईमेल आई.डी. पर एक प्रमाणीकरण कोड भेजा जाएगा।

च) भेजे गए प्रमाणीकरण कोड के लिए प्रतिभागी के ईमेल के इनबॉक्स में चेक करें। यदि वहाँ आपको प्रमाणीकरण कोड नहीं मिलता है तो कृपया ईमेल के स्पैम / जंक फोल्डर में चेक कर लें। जब तक आपको कोड न मिल जाए, निबंध जमा करने का पृष्ठ सक्रिय रखें।

छ) प्रमाणित करने के लिए दी गई जगह में, आपके ईमेल आई.डी. पर भेजा गया प्रमाणीकरण कोड डालें।

ज) "Verify (प्रमाणित करें)' पर क्लिक करें





झ) "ब्राउज़" विकल्प का उपयोग करके अपने निबंध की पीडीएफ़ अपलोड करें। | सुनिश्चित करें कि फ़ाइल का साइज़ 3 Mb से कम है।

ञ) अपना आयु प्रमाण-पत्र अपलोड करें। सुनिश्चित करें कि फ़ाइल का साइज़ 1 Mb से कम है।

ट) "आपको इस कार्यक्रम के बारे में कैसे पता चला" के लिए दिए गए विकल्पों में उपयुक्त विकल्प चुनें।

ठ) माता-पिता की अनुमति एवं अन्य कथनों को पढ़ने के बाद चिन्हित करें।



☐ I am 18 years or older or I have parental consent [illegible] *

☐ [illegible] Shri Ram Chandra Mission [illegible] *

☐ I hereby declare that I am the sole person who [illegible] *

☐ I agree to Terms of Use and Privacy & Cookie Policy of Shri Ram Chandra Mission *

☐ In case I am selected for an award [illegible] *

I hereby confirm, all the entries made in the above form are correct * ☐ Yes

ड) फ़ाइल देखकर अपलोड किए गए निबंध के डॉक्यूमेंट की पुष्टि करें|

ढ) जो जानकारी आपने भरी है, उसे एक बार फिर जाँच लें| सुनिश्चित करें कि सभी जानकारियाँ सही हैं| निबंध जमा करने के बाद किसी भी बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

ण) "सबमिट" बटन पर क्लिक करें|

त) आपके स्क्रीन पर सफलतापूर्वक निबंध जमा होने के सन्देश के साथ आपका एनरोलमेंट नंबर दिखाई देगा जिसमें आपका एनरोलमेंट नंबर भी होगा| उसे नोट कर लें|

थ) जमा होने पर प्रतिभागी के ईमेल आई.डी. पर पुष्टि करने के लिए एनरोलमेंट नंबर सहित ईमेल भेजी जाएगी| भविष्य में संदर्भ हेतु इस एनरोलमेंट नंबर को सेव कर लें|

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, आप हमें essayevent@heartfulness.org पर लिख सकते हैं|

16

# HEARTFULNESS ESSAY EVENT 2026

## LIST OF PARTICIPANTS

Category: ______________ Language: ______________ Coordinating Teacher: ______________

Name of the Institution: ______________

Address with PIN: ______________

Email ID of the Institution: ______________ Contact No.: ______________

Signature of the Certifying person from the Institution: ______________

| S.N. | Name of the Student | Class | Date of Birth *(as per the proof)* | Language |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |
| 11 | | | | |
| 12 | | | | |
| 13 | | | | |
| 14 | | | | |
| 15 | | | | |
| 16 | | | | |
| 17 | | | | |
| 18 | | | | |
| 19 | | | | |
| 20 | | | | |
| 21 | | | | |
| 22 | | | | |
| 23 | | | | |
| 24 | | | | |
| 25 | | | | |

______________

Signature

# HEARTFULNESS ESSAY EVENT 2026

Organized by

## Shri Ram Chandra Mission, Heartfulness Education Trust

PARTICIPANT DETAILS FROM INSTITUTE

[To be filled in **BLOCKLETTERS**, signed by the participant and securely attached to the essay]

All mandatory fields are marked with an asterisk (*)

Name of the participant*:

Father's or Mother's name*:

Date of birth (DD-MM-YYYY)*: Age:

Class/Course/Grade*:

Full name of the School / College*:

Address of School*:

City / Town*:

District*:

State*:

Country*: Contact No*

Email ID*:

HEE 2026 -Institution Registration No*:

Coordinator Name*:

Coordinator Email ID*:

☐ Category 1 (Age 14-18)* ☐ Category 2 (Age 19-25)* (Tick in the box for applicable category)

LANGUAGE OPTED for writing Essay*:

How did you get to know about the event*

1. I am 16 years or older or I have parental consent to submit my information for the essay event *
2. Through the submission of this Essay, the author grants and assigns all proprietary rights (including copyrights) to Shri Ram Chandra Mission. The assignment shall be deemed to be royalty perpetual, worldwide and irrevocable. Shri Ram Chandra Mission may sublicense its rights through multiple tiers of sublicenses and may use, reproduce, create derivative works from, modify, publish, edit, translate, distribute, perform and display the communication or content in any media or medium, or any form, format or forum now known or hereafter developed *
3. I hereby declare that I am the sole person who has written this essay. As I am permitted to quote literature and research on the topic, I have given due credit to the ideas obtained from others or from any reference material *
4. I agree with the Terms of Use and Privacy & Cookie Policy of Shri Ram Chandra Mission *
5. In case I am selected for an award I undertake to provide proof of my age within the stipulated time. I understand that if I fail to do so I will not be eligible to receive the award *

I hereby confirm, all the entries made in the above form are correct * Yes

Enrolment No: [for office use only]

Signature of Participant